के यहां अधिकारी न पहुंचे छोटी-छोटी चीजों के लिए तो यह आर्डर का अपमान है । मैं आपसे जानना चाहता हूं कि एक साथ क्या 24 घंटे के अन्दर रियल क्रिमिनल्ज का अगर पता नहीं लगता है तो दिल्ली प्रशासन के जितने पुलिस अधिकारी हैं, जैकब साहब, राजीव गांधी की आत्मा ऊपर से देख रही है, दबने से और कमजोरी से काम नहीं चलेगा । आप 24 घंटे के अन्दर उनको लाइन हाजिर करिए और सस्पेंड करिए । तब जा करके ऐसी रोबरी, डकैती और सारी चीजों का हल होगा, नहीं तो आप ब्यूरोक्रेट्स के चक्कर में, पुलिस प्रशासन के, लालफीताशाही के चक्कर में, घेरे में पड़े रहेंगे । चाहे आप हों, चाहे चव्हाण साहब हों और चाहे राही साहब हों, आप लोगों की एक नहीं चलेगी और सदन में आप जो कुछ कहेंगे उसका कुछ मायने नहीं होगा । सारा देश आपकी ओर देख रहा है । बैंक की डकैती हुई, खाड़कू आए, कौन आए, डंके की चोट पर बैंक लूट लिया गया । 40-40 हजार रुपये पर एक-एक जान जा रही है । चार-चार रुपये पर जानें जायेंगी अगर इस तरह का पुलिस प्रशासन रहा । मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार के पास ऐसी कोई योजना है कि बैंक या जहां ट्रेजरी है, छोटा हो या बड़ा, उसके लिए कोई विशेष पुलिस की व्यवस्था करने की आप योजना बना रहे हैं? डंडा रहे थमाकर कास्टेबल को और बंदूकदे कर आप करोड़ों रुपयों की बैंक की स्ट्रांग रूम की रक्षा करना चाहते हैं जबकि आतंकवादियों ने राजीव गांधी को मार दिया, इंदिरा गांधी को मार दिया उस युग में ? रेल पटरी पर जब मालगाड़ी गई तो मैं जानना चाहता हूं कि क्या उसके बाद कौन सी ट्रेन जो पब्लिक गाड़ी थी, सवारी गाड़ी थी वह कितने बजे गुजरने वाली थी ? अभी तक आपका प्रशासन, गृह मंत्रालय, होम मिनिस्ट्री, दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन क्या कर रहे हैं? आपका जो गवर्नर है मारकंडे सिंह, एक अपरचुनिस्ट हैं । कांस्टेबल से उसको अपना ते रिस्दार होने के नाते... (व्यवधान) हंसने की बात नहीं है, मैं सही कह रहा हूं, मैं सदन में पूरे आत्मविश्वास के साथ कह रहा हूं, इन्होंने एक कांस्टेबल को गवर्नर बना दिया, चन्द्रशेखर जी ने, कांस्टेबल से वह आदमी गवर्नर हो गया और आज भी बहुत से सांसदों के घर घूम रहा है । यह सरकार उसकी जांच करे । आप 24 घंटे के अन्दर उसको सस्पेंड करिए ।... (व्यवधान) मैंने समर्थन किया, उसी पाप का तो बदला भोगना पड़ा कि चन्द्रशेखर के शासन ने हमारे राजीव गांधी को लूट लिया । हम इसको स्वीकार करते हैं । आप गवर्नर को सस्पेंड करिए । पुलिस के जो आई० जी० सबसे बड़े अधिकारी हैं उनको सस्पेंड करिए या 48 घंटे के भीतर रिजल्ट दो, नहीं तो उसको निकाल बाहर करिए और नए लोगों को एप्वायंट करिए । जो इन दोनों रॉबरीज की और हर तरह की चोजों की करे । इसके अलावा मैं जानना चाहूंगा कि जो सामाजिक संस्थाएं हैं या जो वालेंटरी आर्गेनाइजेशंस हैं, उनको भी पुलिस प्रशासन में इनवोल्व करने की शासन की योजना है? साथ ही मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या आप कोई टाइम बाउंड फ्रेमवर्क तैयार करेंगे ताकि आप सदन को आश्वस्त कर सकें कि इतने अवर्स में, इतने दिन में या इतने सप्ताह में इन दोनों घटनाओं के क्रिमिनल्स को आप पकड़ेंगे या जो अधिकारी उसके लिए जिम्मेदार हैं उन को हमेशा के लिए तीन महीने की तनख्वाह देकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश नुसार सेवा-मुक्त करेंगे? अगर आप कड़ाई बरतें तभी कुछ कर सकते हैं, नहीं तो आप भी विश्वनाथ प्रताप सिंह और चन्द्रशेखर जी की सरकार से भी अधिक बदतर देश के सामने साबित होंगे ।

इन्हीं शब्दों के साथ, मैं मंत्रीजी से अपने प्रश्नों का स्पष्टीकरण चाहता हूं ।

श्री आनन्दप्रकाश गौतम (उत्तर प्रदेश): उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बैंक डकैती की घटना ओखला औद्योगिक क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक ऑफ पटियाला में

15 जुलाई को हुई। इसकी सूचना है कि यह घटना ठीक दस बजकर 40 मिनिट पर हुई। मान्यवर, इस सरकार को बैंक डकैती की घटनाएं अक्सर होती हैं और यह अभी कोई नई घटना नहीं है। इस संबंध में वक्तव्य का दूसरा पैराग्राफ पढ़ने से यह स्पष्ट होता है कि जब उनमें से एक को बैंक के गार्ड श्री मौंजीराम ने पकड़ा तो दो अन्य घसपैठियों ने उस पर गोली चलादी इससे यह साफ है कि उस बैंक की रखवाली केवल एक साधारण-सा गार्ड एक मामूली बंदूक के साथ कर रहा था। मान्यवर, जब इस प्रकार की घटनाएं प्राय: होती हैं तो मैं माननीय मंत्रीजी से केवल यह जानना चाहता हूं कि जब इस प्रकार के खतरे बने हुए हैं तो बैंकों की सुरक्षा के लिए गार्ड की और अधिक व्यवस्था बैंक की तरफ से की जाती है या सरकार की तरफ से की जाती है? यह व्यवस्था ऑप्सनल है या कम्पलसरी है कि बैंक की सुरक्षा की दृष्टि से सरकार की तरफ से व्यवस्था की जाये? यह मैं जानना चाहता हूं। दूसरी बात, क्या पटियाला बैंक ने इससे अधिक सुरक्षा चाही थी या नहीं? यदि चाही थी तो सरकार ने उपलब्ध क्यों नहीं करायी? इसके साथ ही एक और बात जानना चाहता हूं कि जब ओखला औद्योगिक क्षेत्र में यह बैंक डकैती की घटना हुई तो निश्चित रूप से वहां कुछ आबादी भी उस समय रही होगी क्योंकि इस वक्तव्य में यह पता नहीं चलता कि यह घटना कितनी देर तक घटी जिससे कि यह अनुमान लगाया जा सके कि जो सूचना पुलिस को की गयी, वह कोई सौभाग्य नागरिक भी दे सकता था अगर ज्यादा देर तक घटना घटी हो। एक और प्रश्न महत्वपूर्ण है, आपने कहा कि बैंक में अलार्म प्रणाली मौजूद थी, लेकिन अलार्म घटना घटित होने के बाद बजा। मैं यह जानना चाहता हूं कि इस प्रकार के अलार्म ऑटोमेटिक होते हैं या किसी आदमी के द्वारा बटन दबाने से बजते हैं? अगर ये अलार्म मेनुअल अलार्म हैं तो क्या सरकार ऑटोमेटिक अलार्म बाध्य रूप में लगाए जाने की व्यवस्था करेगी?

दूसरा गाजियाबाद स्टेशन पर हुए बम विस्फोट के संबंध में एक ही बात जानना चाहता हूं कि यह जो मालगाड़ी पास हुई, उसके कितनी देर बाद बम विस्फोट हुआ? इस वक्तव्य में इसकी जानकारी नहीं है। दूसरे मालगाड़ी निकलने के बाद यह विस्फोट हुआ, इससे इसका उद्देश्य का साफ पता नहीं चलता कि जब उसमें किसी आदमी द्वारा चलाया जाने वाला बम रखा गया था और आदमी ने उसको बैटरी के माध्यम से चलाया तो उसका क्या उद्देश्य हो सकता था? इस पर सरकार ने कोई जानकारी प्राप्त की है या नहीं?

श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर (मध्य प्रदेश): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, बहुत दुख की बात है कि इन दो बड़ी घटनाओं में पांच लोग मारे गए और लाखों रुपए लूट लिए गए। बैंक की डकैतियां आए दिन हो जाती हैं, जिसका कभी तो सदन में स्टेटमेंट दिया जाता है और कभी नहीं।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर): आप स्पेसिफिक क्वैश्चन पूछ लीजिए।

श्री सुरेन्द्र सिंह ठाकुर: मैं स्पेसिफिक निवेदन कर रहा हूं। लेकिन उसकी रोक-थाम के लिए कोई पुख्ता इंतजाम अभी तक नहीं हो पाए हैं। यह जो बैंक डकैती 15 जुलाई को हुई, उसके संदर्भ में मैं कुछ क्लेरिफिकेशन मंत्री जी से जानना चाहता हूं।

मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह बैंक आफ पटियाला की शाखा किसी बहुमंजिली इमारत में है या किसी अलग जगह? क्योंकि मुझे जानकारी नहीं है लेकिन जो मैंने अखबार में पढ़ा है, उससे मुझे पता चला है कि किसी बहुमंजिली इमारत में उसका दफ्तर है। अगर यह बहुमंजिली इमारत में है तो क्या कोई सिक्योरिटी चेक वहां अंदर जाने वालों का किया जाता है और कौनसी मंजिल पर इसका दफ्तर है?

[श्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर]

फिर, उस बिल्डिंग से पुलिस-स्टेशन की दूरी कितनी है? क्योंकि अगर बंदूक चलती है तो उसकी आवाज काफी दूरी तक जाती है। यह हम जानना चाहते हैं कि वहां पुलिस स्टेशन की दूरी कितनी है?

महोदय, मैं यह भी जानना चाहता हूं कि उस दिन बैंक के कितने कर्मचारी छुट्टी पर थे? क्योंकि एक अखबार ने रिपोर्ट में बताया है पांच-छह कर्मचारियों का। सामान्य तौर पर मैं नहीं समझता कि इतने कर्मचारी एक दिन में छुट्टी पर रहते हों। इसलिए यह भी एक जांच का विषय हो सकता है।

मैं मंत्री महोदय से यह भी जानकारी चाहता हूं कि मृतक कर्मचारियों के परिवारों को क्या राहत सरकार की तरफ से दी जा रही है, यह प्रश्न एक सम्मानीय सदस्य ने पूछा है, लेकिन इसी के साथ मैं जानना चाहता हूं कि जो ग्राहक मारे गए हैं, क्या सरकार की तरफ से उनके परिवारों के लिए भी कोई राहत की व्यवस्था है? अगर नहीं है, तो क्या सरकार इस संदर्भ में कुछ करने जा रही है?

आखिरी, श्रीमान् जी, इसी संदर्भ में, बैंक डकैतियों को रोकने के लिए, क्योंकि डकैतियों के कारण धन आतंकवादियों को मिलता है और उससे वह अपने मनसूबे पूरे करने में कामयाब होते हैं, मेरा एक व्यावहारिक सुझाव है सरकार को। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इसको मानेगी। प्रत्येक बैंक के बाहर एक मेटल-डिटेक्टर को लगाएं और बैंक के अंदर जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इस मेटल डिटेक्टर के माध्यम से चेक किया जाए। साथ ही प्रत्येक बैंक में, चाहे किसी भी बैंक की शाखा हो, हर शाखा के बाहर दो पुलिस के सिपाही हथियारों से लैस मेटल-डिटेक्टर के साथ रहना चाहिएं। मैं समझता हूं कि अगर इस पद्धति का उपयोग किया जाए तो आने वाले समय में हम बैंक डकैतियों पर पूर्णतया रोक लगा पाएंगे।

हमारे एक अन्य साथी ने जो पूछा था कि जो सुरक्षा की व्यवस्था है वह सरकार के द्वारा की जाती है या जो संस्था है उसके द्वारा, लेकिन इसमें एक बात कुछ नई तकनीकी की इस्तेमाल करने के लिए आ गई है कुछ लोगों की। तो मैं जानना चाह रहा था कि क्या ऐसी कुछ संस्थाओं की अर्जियां सरकार के पास लंबित हैं, जिन्होंने यह चाहा हो कि वह खुद करना चाहती हैं और सरकार ने उसकी इजाजत न दी हो?

रेलवे के बारे में मेरे सिर्फ दो छोटे से सवाल हैं। इसमें मैं यह जानना चाह रहा था कि 14 तारीख को यह घटना हुई, फिर एफ०आई०आर० 15 तारीख को क्यों कराई गई? इस स्टेटमेंट में कहा गया है कि छह वोल्ट की बैटरी का उपयोग हुआ उस विस्फोटक को चलाने के लिए और बैटरी अभी तक प्राप्त नहीं हुई, तो फिर कैसे पता चला कि छह वोल्ट की बैटरी का ही उपयोग किया गया था? फिर विस्फोटक पदार्थ की मात्रा दो किलोग्राम लिखी गई है और "लगभग' शब्द का इस्तेमाल भी नहीं किया गया है। तो इसका अंदाज कैसे लगाया गया? फिर इसमें लिखा है कि बड़ी बारीकी से, सफाई के साथ बधां गया था। इस सारी जानकारी का आधार क्या है? इस बात पर मंत्री महोदय, कुछ रोशनी डालने की कृपा करें। मैं इसकी भी जानकारी प्राप्त करना चाहूंगा कि यह जो मालगाड़ी, जिसके जाने के पूर्व विस्फोट हुआ, उसमें क्या सामान जा रहा था? बहुत बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BH ASK! AR ANN A JI" M ASODK AR): I would request the Members to seek clarifications. Don't give explanations. As I have said, the whole House records its sense of concern about the matters of security and the Government will come out with its own security measures. Please ask

explanations, ask whether you want. Only ask questions, only seek clarifications.

श्रीमती सत्या बहिन: (उत्तर प्रदेश) उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे स्पष्टीकरण का मौका दिया इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

वैसे बड़े शर्म और लज्जा की बात है कि 24 घंटे के दौरान ही दो ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनसे साफ संकेत मिलता है कि आतंकवाद कितने स्तर तक पहुंच चुका है। उपसभाध्यक्ष महोदय, 14 जुलाई को एक घटना, जैसा कि इसमें दिया गया है कि 11.15 बजे अपराह्न में कड़कड़डूम में हुई और जिसकी रिपोर्ट 15 जुलाई को लिखी गई। इन दोनों ही घटनाओं का स्थल कोई एक-दूसरे से ज्यादा दूर नहीं है। जब एक घटना कहीं पर हो गई तो क्या पुलिस ने उस घटना के बाद कोई गहन खोज-बीन नहीं की और इस बात की सतर्कता नहीं बरती कि इसके बाद कोई और घटना हो सकती है? इसके साथ ही मान्यवर, इसमें दिया हुआ है कि जो मारुती गाड़ी थी उसमें डीआईएल नम्बर लगा हुआ था जो केवल कमर्शियल व्हीकल्स का होता है। तो मैं यह पूछना चाहता हूं कि पुलिस कंट्रोल रूम की गाड़ी, जो सिर्फ दो किलोमीटर पर ही थी तथा कई और जगहों से भी वह गाड़ी गुजरी होगी, तो क्या पुलिस वालों को यह जानकारी नहीं होती है कि यह नंबर जो कमर्शियल वाहन का है तो उन तक कैसे पहुंच गया? तो उसकी खोज-बीन करके क्यों नहीं पहले से पकड़ा गया? वह गाड़ी इसका मतलब दिल्ली में कहीं भी घूमती फिरे और आराम से वारदात करने के बाद भाग सकती है और पुलिस वालों की आंखों से या उनकी जानकारी से ओझल हो सकती है। मान्यवर, ये बातें ऐसी हैं जो इस बात का संकेत देती हैं कि हमारी पुलिस व्यवस्था कितनी लापरवाह है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहती हूं कि कुछ अखबारों में निकला था कि जब घटना हुई थी और जब किसी ने सूचना दी थी तो उसमें डी और बी ब्लाक का ही पुलिस वालों को समझ में नहीं आया कि यह घटना घटी कहां पर है। पुलिस वालों को जब मालूम पड़ गया था कि घटना बैंक के अंदर हो रही है, लेकिन उनको बैंक की सिचुएशन का ही नहीं पता कि यह बैंक है कहां पर। यह स्टेटमेंट में तो नहीं दिया गया लेकिन अखबार वालों ने स्पष्ट तौर पर लिखा है कि घटना के काफी देर बाद पुलिस वहां पहुंची और उसके देर से पहुंचने का कारण यही था कि पुलिस वालों को यह समझ में ही नहीं आया कि यह घटना किस ब्लाक में हुई।

अभी मान्यवर, कुछ दिन पहले दूरदर्शन के महानिदेशक शिव शर्मा जी पर जो हमला हुआ, उस घटना में जिन लोगों का हाथ है, हो सकता है कि वही लोग, उसी तरह के आतंकवादी या उसी तरह के हथियार इस घटना में भी इस्तेमाल किए गए हैं। तो दोनों घटनाओं का एक दूसरे के साथ कुछ सूत्र जुड़ा हो सकता है। ...(समय की घंटी)...

मान्यवर, 5 व्यक्तियों की जो हत्या हुई है, उनके परिवाजनों के लिए सहायता की क्या व्यवस्था की जा रही है? और अभी हमारे माननीय साथियों ने एक प्रश्न किया था कि ...

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी माशेलकर): उसका जवाब देंगे, वह प्रश्न आ गया है।

श्रीमती सत्या बहिन: महोदय, एक गार्ड केवल एक बंदूक लेकर कई आतंकवादियों का सामना कैसे कर सकता है, यह एक सोचने की बात है, जबकि बैंक की घटनाएं बार-बार हो रही हैं, कई बार हो रही हैं और राजधानी के अंदर हो रही हैं। मान्यवर, मेरा एक सुझाव है कि इसमें या तो स्टेनगन लेकर या अत्याधुनिक हथियार लेकर बैंकों की सुरक्षा की जानी चाहिए।

[श्री मति सत्या बहिन]

मान्यवर, बहुत सी बातें हैं और इस सरकार से जनता यह अपेक्षा करती है कि कानून और व्यवस्था की जो हालत डेढ़ साल में बिल्कुल बिगड़ गई है, बिल्कुल ध्वस्त हो गई है, उसको संभाला जाना चाहिए क्योंकि यह सरकार बहादुरी और आत्मविश्वास के प्रतीक राजीव गांधी की सरकार है, यह किसी कमंडल और मंडल पर टिकी हुई सरकार नहीं है। इसलिए इस सरकार से जनता को जो अपेक्षाएं हैं, वे पूरी की जानी चाहिए।

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : मान्यवर, गृह मंत्री जी ने दोनों दुर्भाग्यजनक घटनाओं के लिये जो वक्तव्य दिये हैं वह बिल्कुल अधूरे हैं और त्रुटिपूर्ण हैं। त्रुटिपूर्ण मैं इसलिये कह रहा हूं कि पहला जो वक्तव्य है जिसमें 14 तारीख की दुर्घटना का जिक्र है उसमें कहीं भी यह नहीं लिखा गया कि कर्त्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर जो अधिकारी दोषी पाये जायेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जबकि जो दूसरा वक्तव्य है, जो 15 तारीख की दुर्घटना से संबंधित है, उसके आखरी पैराग्राफ में यह लिखा गया है। तो पहले वक्तव्य में अधिकारियों के प्रति इतना उदारतापूर्ण रवैया क्यों अपनाया गया है, यह विचार करने वाली बात है। इसलिये मैंने इस वक्तव्य को अधूरा और त्रुटिपूर्ण बताया है। मान्यवर, मैं उन सारी बातों को नहीं उठाना चाहूंगा जो पहले पूछी जा चुकी हैं। लेकिन बैंक की अलार्म प्रणाली ठीक ढंग से काम कर रही है या नहीं, इसकी समुचित जांच करने के लिये बैंक अधिकारियों द्वारा क्या व्यवस्था समय-समय पर अपनायी जाती है, यह मंत्री जी स्पष्ट करने की कृपा करें ? क्योंकि अलार्म प्रणाली जिस मकसद से बनायी गयी है उसका उपयोग कभी भी किया जा सकता है। चूंकि इसमें अलार्म बाद में बजा इसलिये उल्लेख है, जो इस बात का सूचक है कि अलार्म प्रणाली समय-समय पर चैक नहीं की जाती।

दूसरी बात, उस बैंक में काम करने वाले जो अधिकारी थे, कितनों को आर्म्स के लाइसेंस दिये गये थे ? यदि दिये गये थे तो क्या वह आर्म्स लेकर वहां गये थे और यदि नहीं गये तो जिस मकसद से दिये गये तो वह मकसद तो पूरा नहीं कर पा रहे थे, यह एक जांच का विषय है। साथ ही क्या उस बैंक के टेलीफोन की व्यवस्था काम कर रही थी ? यदि काम कर रही थी तो कितनी देर के बाद पुलिस स्टेशन को सूचना दी गयी, किसके द्वारा दी गयी, इस दुर्घटना में कितना समय लगा, इस चीज का कहीं भी उल्लेख मान्यवर, नहीं किया गया है।

मारुति गाड़ी के उपयोग की बात कही गयी है। मारुति गाड़ी इतनी हल्की होती है कि यदि पास में खड़ी हुई पुलिस वाहन या पुलिस स्टेशन मुस्तैदी से उन लुटेरों को पकड़ना चाहे तो मारुति गाड़ी से लुटेरे भाग नहीं सकते हैं और यदि आसपास के एरिया में छिप गये तो क्या आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाशी के प्रयत्न किये गये, इस बारे में भी कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

दूसरी घटना मान्यवर, बस विस्फोट से संबंधित है। सामान्यतः ऐसी व्यवस्था है कि जो एस० डब्लू० आई० होते हैं वह समय-समय पर आने वाली गाड़ियों से पहले पटरियों की चैकिंग करते हैं, पैट्रोलिंग करते हैं। क्या माल गाड़ी आने से पहले, माल गाड़ी आने के बाद इस अधिकारी या जो अधिकारी इसके लिये जिम्मेदार थे उन्होंने पैट्रोलिंग की ? यदि नहीं की तो उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की जा रही है, इस बारे में भी मंत्री महोदय स्पष्ट करें क्योंकि रेलवे विभाग का यह नियम है कि जो भी गाड़ी जाती है उसके गुजरने से पहले जो एस० डब्लू० आई० होता है एक अलग गाड़ी में उस पटरी से निकलता है ताकि पटरी यदि किसी वजह से टूट-फूट रही है या उस पर कुछ रखा हुआ है तो उसकी समुचित जांच की जा सके। तीसरी बात इसमें यह कही गयी है कि दुर्घटना होने के बाद, दुर्घटना से पहले का जिक्र नहीं, कि पूरी पटरी पर दिल्ली पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल,

रेलवे गैंग मैन और होम गार्ड द्वारा संयुक्त रूप से गश्त लगाने के कदम उठाये जा रहे हैं । अलग-अलग नहीं संयुक्त रूप से। तो इसके लिये रेस्पोंसिबिल एजेंसी कौन है ? और जो रेस्पेंसिबिल नहीं पाये गये उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की जा रही है, इस बारे में मंत्री जी बतायें ? इसीलिये मैंने कहा कि इससे संबंधित वक्तव्य में यह बिल्कुल नहीं लिखा गया है कि कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाह लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। चूंकि अधिकारियों की यह जो सारी कमी है, वह इस पूरे दुर्घटना से उजागर होती है ।

अन्य बात यह कही गयी है कि 100 मीटर लम्बाई का तार उपयोग में लाया गया जिससे विस्फोटक पदार्थ बंधा हुआ था । न तो विस्फोटक पदार्थ का नाम बताया जा रहा है लेकिन उसकी मात्रा बतायी जा रही है कि वह लगभग दो किलोग्रांम है । आप जब नाम नहीं बता सकते तो मात्रा बताने का आपका मापदंड क्या है और जब विस्फोटक पदार्थ उपयोग में आ गया तो जिस विस्फोटक पदार्थ से वह तार बंधा हुआ था तो वह तार निश्चित रूप से जला होगा । निश्चित रूप से वह प्रभावित हुआ होगा। फिर इन्होंने क्या आधार बनाया कि उसकी लंबाई 100 मीटर है । दूसरा, ये कहते हैं कि दूसरा छोर 75 मीटर दूरी पर बंधा हुआ था । महोदय, यह बड़ी टैक्निकल बात है । इसका मतलब यह है कि पहला छोर भी 75 मीटर की दूरी पर बंधा हुआ होगा जब कि उसकी लंबाई है 100 मीटर । महोदय, दूसरा छोर एक पटरी पर बहुत अच्छा बंधा हुआ था और दूसरी पटरी पर सावधानी से नहीं बंधा था । तो जो छोर सावधानी से नहीं बंधा था उसी को देख लेते । असावधानी वाली बात तो इन्होंने इंगित कर दी लेकिन उसका नोटिस नहीं लिया । महोदय, मैं यह जानना चाहता हूं कि पहला छोर कितनी दूरी पर बंधा था ? जो 100 मीटर का इन्होंने बताया है तो मैं यह पूछना चाहूंगा कि क्या उसमें 25 मीटर का घेरा था ? उस तार की क्या अवस्था थी, वह किन चीजों का बना हुआ था जिसकी वजह से वह ब्रेक नहीं हो सका ?

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि यह पूरा का पूरा स्टेटमेंट बहुत ही त्रुटि-पूर्ण है । मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि सदन में वक्तव्य देने से पहले वे जरा उसे ठीक ढंग से देख लिया करें जो उनके अधिकारी बना कर दे देते हैं । तभी इस तरह की दुर्घटनाओं की जांच हो सकेगी और उन पर रोक लगाने का काम हो सकेगा । मेरा आपसे यही निवेदन है । धन्यवाद ।

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Sir, I have been waiting so long to make my points. It is now 7.30 and I do not know how the House becomes wiser by these two statements. These are all newspaper reports. The only point I wanted *to* make is the terrorists in our country are highly innovative. They have .spread their dragnet throughout the country. Not a single spot is free I from their clutches. You can see how innovative they are, what they could do when they killed Rajiv Gandhi, when they killed Indira Gandhi. Yet our Government's attitude is still very conventional and tradition. When the bomb blast took place on the railway line what the Home Minister says in his statement is that he has intensified the patrolling of the railway line. We are living in a modern world. Terrorists have acquired all modern skills, how to kill people, how to terrorise people, how to commit their mischief. Now, if intensifying the patrolling of the track is sufficient, if the Minister thinks so, then I think he is living in a medieval world. We have some experience about the Western countries, how they are fighting the terrorists. It is not only the railway •tracks, the railway stations, railway coaches, buses or bus stands; wherever people crowd, every such place has become a target for the terrorists. Human lives in our country should ' not be so cheap. Government should

[Shri Sukomal Sen] change its attitude. They should learn lessons from the Western countries, how they are fighting the terrorists. I have my own experience. In other countries in the railway stations, on the railway tracks, in the railway coaches, everywhere sensitive instruments are fitted which can automatically detect the presence of an explosive...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI , BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Leave some time for the other Members and the Minister.

SHRI SUKOMAL SEN; Unless such highly modern and sophisticated equipment is introduced in our country I do not know what will happen to the people of this country. Here in this incident fortunately no train was exploded. There could have been a passenger train passing on that spot. I do not know why our railways are not going in for modern, sophisticated, instruments. If necessary, spend money. You have taxed the railway passengers to the extent of Rs. 600 crores. Why not tax them more for these things? Nobody will object to it. Instead, you are spending money only on patrolling. For banks you post one sick man with a 303 rifle which is not sufficient. I have seen myself what they do in England. Two years ago when some Sikh houses were attacked by the terrorists. The British Government connected those houses with the nearest police station with an automatic signalling system. When the family is attacked, a simple button would have alerted the police and within minutes the policemen would have arrived and rescued the people. This method has been applied in other countries too. But here nobody bothers about human life. Sir, I think my experience should be shared with our Minister. Perhaps, he also knows . about it. But the Government is conventional and traditional and I think this traditional thinking should be given a g>-by and they should fight the terrorists with innovative methods as the terrorists are also innovative. This is my suggestion. I would like to have the reaction of the Home Minister.

श्रीमती वीणा वर्मा (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, सबसे अहम बात यहां पर यह आती है कि पहले जो मालगाड़ी गुजरी उसके और दूसरी जो गाड़ी आने वाली उसके बीच में कितना अंतर था और बम विस्फोट का समय क्या था ? क्या जो दुर्घटना हुई है वह जो दूसरी आने वाली गाड़ी थी उसको नष्ट करने के लिए तो नहीं थी । इनक्वायरी जो हुई है वह किस उद्देश्य को लेकर हुई है ? क्या इस घटना का उद्देश्य आतंकवाद को फैलाना था जो कि मालगाड़ी गुजरने के बाद हुई या उसका उद्देश्य सवारी गाड़ी को उड़ाने का उद्देश्य था । किस उद्देश्य को लेकर यह इनक्वायरी हुई है ?

दूसरे यह कहा गया कि दिल्ली में 150 किलोमीटर रेलवे लाइन है, उस पर पेट्रोलिंग और गश्त की जा रही है । देश भर में इतनी लंबी रेलवे लाइनें हैं, उसको आप कैसे कैसे बचाएंगे ? सार्वजनिक जो स्थान हैं उनको आप कैसे कैसे बचाएंगे ? देश में बढ़ते हुए आतंकवाद से देश को कैसे बचाएंगे ? क्या सरकार इसकी गारन्टी देगी ?

श्रीमन, मुझे पता लगा है कि रेलवे स्टेशन पर कोई मैटल डिटेक्टर नहीं होते । वहां पर कोई भी आतंकवादी किसी समय भी चाकू लेकर जा सकता है और लोगों को डरा सकता है । क्या सरकार वहां पर सैक्यूरिटी का पूरा इंतजाम करेगी ?

श्रीमन, मुझे यह भी बताया गया है कि चुनाव के दिनों में और चुनाव के बाद जो रीजल्ट आ रहे थे तब भी टी० वी० स्टेशन पर सैक्युरिटी की कोई व्यवस्था नहीं थी । तो उस पर भी सरकार ध्यान दे कि सार्वजनिक स्थानों पर जहां सुरक्षा नहीं है वहां बढ़ते हुए आतंकवाद को देखते हुए यह जरूरी हो गया हैं कि हर स्थान पर मैटल डिटैक्टर लगाए जाएं । क्या सरक र दिल्ली में बढ़ते हुए आतंकवाद को रोकने के लिए

और नागरिकों का जीवन सुरक्षित हो उसके लिए कदम उठाने जा रही है?

कुमारी सईदा खातून (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं मंत्री महोदय से कुछ स्पष्टीकरण चाहती हूं । पहला तो यह है कि रेलवे पटरी पर बम विस्फोट और बैंक डकैती के समय में केवल 12 घंटे का समय है । सभी लोग यह कह रहे हैं कि 24 घंटे का है । दोनों घटनाओं में समय का अंतराल 12 घंटे का है, बल्कि उससे भी कम है । तो 14 तारीख की रात को सवा 11 बजे घटना हुई और 15 तारीख को इसकी पुलिस रिपोर्ट पुलिस कार्यालय में दर्ज की गई । दोनों की तारीख एक ही है । 15 तारीख को बैंक दुर्घटना हुई । तो इससे साफ जाहिर होता है कि इन दोनों घटनाओं में नजदीक का संबंध है । मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगी कि बम विस्फोट की सूचना 15 तारीख को मिली थी तो कितने बजे मिली थी और किसके जरिए मिली थी ?

दूसरी चीज यह है कि बैंक में पूरी राशि जो जमा रहती है, पूरा डिपोजिट होता है उसका क्लीयर रिकार्ड बैंक में रहता है और मंत्री जी ने सिर्फ दो लाख की डकैती का ब्यौरा दिया है तो मैं यह जानना चाहती हूं कि क्या मंत्री जी पूरी राशि देने में सक्षम नहीं हैं ? एक्चुअल फिगर क्यों नहीं दे रहे हैं, लगभग क्यों कह रहे हैं ? बैंक में उस समय कितना पैसा था और उसमें से जो लगभग दो लाख रुपया निकाला गया तो वह बतायें कि एक्चुअल अमाउंट क्या था, एक लाख, कितने हजार, कितने रुपये और पैसे थे ? यह सब मैं जानना चाहती हूं ।

तीसरी बात मैं यह जानना चाहती हूं कि दोनों दुर्घटनाएं होने के बाद तीनों गृह मंत्रियों में से किसने वहां जा कर विजिट किया ? जैसे ही घटना की जानकारी मिली तो सबसे पहले ब्यौरा जानने के लिए तीनों गृह मंत्रियों में से किसने विजिट किया या किसी ने भी अभी तक विजिट नहीं किया ? ये जो दुर्घटनाएं घटी हैं, चश्मदीद गवाहों से ब्यौरा लेने के बाद आप लोगों ने कितनी सतर्कता बरती है ? आपने इसमें लिखा है कि बैंकों में सुरक्षा और संरक्षण देने के लिए दृढ़ संकल्प है तो मैंमैं यह जानना चाहता हूं कि बैंकों को आप किस तरह की सुरक्षा और संरक्षण देने के लिए दृढ़ संकल्प हैं ?

एक जानकारी यह भी लेना चाहती हूं कि पांच निर्दोष व्यक्तियों के परिवारों को किस प्रकार की सहायता देने के लिए दृढ़ संकल्प हैं और इसके साथ-साथ मैं यह भी जानना चाहती हूं कि मृतकों के परिवारों को किस तरह की सहायता देने के लिए दृढ़ संकल्प हैं ? धन्यवाद ।

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): Sir, yesterday, I had raised this issue in this House and I had made two points. Since I got the nodding response from the Minister, I got the impression that he agreed with my suggestions. But, in the statement that he has made today, both the suggestions are missing. So, I want to have a clarification from him regarding each of the points that I had made.

The first point that I had raised was whether, since the Government had failed to protect the lives and property of the citizens the Government would consider allowing the citizens to protect themselves through their own security organizations or corporations. Weapons and other security devices today are available to the terrorists and the desperadoes, but they are not available to the citizens. It is a question of the policy of the Government Will you allow the security corporations or the security organizations to have access to weapons of defence?

I am now coming to the second point. Sophisticated or modern technology-aided security systems are not available in this country, not because We cannot have them, but because of the policy constraints. It is

[Dr. Jinendra Kumar Jain] because some of them are telecommunication-based and so on. Some Members have suggested automatic devices, wireless equipment, electronic alarm systems, etc. which are very effective and which are used in the developed countries. They would be very effective here also. But we cannot have them here unless a policy decision is taken by the Government to allow the import of these things.

I had said yesterday that the Government was allowing import of equipment under the category of life- " saving equipment to save the lives of the sick people and the Government was allowing duty-free import for the sake of the sick people. I am not saying that it should not be done. That is a right thing to do. But here healthy people are being killed and yet the security equipment that can save their lives are not being allowed to be imported. This is a conceptual error in my view Yesterday also, Sir, the honourable Minister had nodded his head. But he keeps silent when he had to tackle the problem. I want him to take note of these suggestions and say whether he accepts them or rejects them. It is his prerogative to do so. But I want him to make a categorical statement in response to both the sugestions which made yesterday in this House and which I havev repeated just now. Thank you, Sir.

SHRI SARADA MOHANTY COrissa): Bank robbery is increasing day by day. In most of the banks""' there is only one guard. Robbers are more than one. I want to know whether the Government is going to ask the banks to increase their guards } system and whether the Government is going to ask the banks to keep"^ the guards with sophisticate weapons. My second question is whether^ the Government is going to ask the' banks to have wireless system so that the information can be given quicker than through the telephone' system.

SHRI M. M. JACOB: Sir, I am grateful to the hon. Members for giving really valuable suggestions and also highlighting certain points that should have been taken care of properly.

Sir, coming *to* the points raised here by my colleagues, there is one mention here that the railway accident took place on the 14th and the FIR was on the 15th. That was actually an error of understanding the timings. The whole thing, according to my statement, happened at 11.15 p.m., that is night, and the FIR was after a few minutes, that is, on the 15th. The margin is very little. Actually a sound was heard as an explosion in the nearby east district antidacoity picket. They never thought it was a bomb somewhere However, when they heard the sound at 11.15, they informed the post located at Kirkee. just at a distance of about one and a half km. from the site of explosion. They never thought it was a bomb, honestly. Then a Sub-Inspector o'f Kireke came to the spot, who searched the area to find out as to what had happened. Then at about 1.20 a.m he discovered and gave a message to the east district control room that a bomb had exploded. Sir, in the meantime one engine and two trains also passed. Fortunately, no derailment took place. In fact, after the explosion also it seems, according to the report, a goods train had passed. But nothing happened.

Another qeustion was asked about the contents of the goods train. The , goods train was not carrying any ' ammunition, according to our information. These were normal goods. This is the information which we got. Anyway, the police acted the moment they got the information, and at that moment they passed on the information to the Railways. And they stopped the train and they came back. We are told that the trains started running early morning around 6 o'clock. The trains started moving without interruption. Fortu-

nately, nothing happened. But this is th$_e$ warning which we take note of.

Sir, regarding the bank robbery, I share the seriousness of this incident because for some time past we were all told that Delhi is under threat of some thing and terrorists . are likely to infiltrate into Delhi and a red alert was given in Delhi. That was the impression. I also got that i impression as a man sitting on the Opposition. Now, as per this particular incident which took place in the Bank, Sir, there are some details which I would like to....

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): What is the content of your red alert! Citizens do not understand what is meant by red alert.

SHRl M. M. JACOB: When you give 'red alert, actually every central point of the PCR gives information to all the police posts around and suddenly they make a cordon. They are supposed to move around also. That is called 'bandi' and all that. Immediately that takes care. But in this particular incident....

DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Usually it appears that it is a warning to the public, not to the police.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Red alert means people are to be on alert.

SHRl M. M JACOB: Poor people are citizens. What can they do? The police has to act.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Mr. Minister, you must have noticed that the House is agitated because of the concern of the citizens and you must come wi(th the security plan which you are planning. That is what the feeling is.

SHRI M. M. JACOB: Sir, I fully agree with what you are suggesting. I fully take note of it. Some of the Members were asking about the information received about the bank robbery. It is true that there was alarm. There are is not one alarm: there are three alarms. But the alarms are not connected to the police station. The alarm is only for the neighbourhood. That bank has only got the alarm for the neighbourhood. But, Sir, one alarm was kept in the office of the Manager, one alarm was kept in the office of the Cashier, and one alarm was kept on the other side. So, Sir, both the Manager and the Cashier, and th$_e$ other man also died. So, probably that must have' been the delay in actually even sounding the alarm. Then, the first information was received by the PCR. One Mr. Kalam Singh Negi informed that firing was going on at the State Bank of Patiala, B-56, Okhla, Phase-I. That was at 1050. The incident took place at 10.40 Sir, this particular bank is located almost near the border. So, if one can see— we experimented how much time it will take from this bank to cross over the border — it takes only nine minutes even to cross over the border. I do not say that the culprits must have crossed over. But the possibility is there because the distance is so short. Anyway then at 10.56, one Mr. Kohli informed that there is a dacoity in the State Bank of Patiala. Dmmedialiely.{ without any , loss of time, the PCR informed the South District Control Room about the incident. And at 10.59 again information reached. At 11.04, the SHO Okhla, reached the spot. And then at 11.05 the red alert was given. Sir, this time factor is there. The information reached the police a bit late. And so there may be an apparent, delay. If the police was really patroling, they should have found it. They were2kms away. And since they ?yerp 2 KMs away, they could not. see this. That is also a fact.

Sir, the Members asked as to what action we have taken. Sir, action is being contemplated. And we have already suspended the SHO of that

[Shri M. M. Jacob]

station, and, further action is being contemplated.

DR. RATNAKAR PANDEY: With that, the problem is not solved.

SHiRi M. M. JACOB: I take note of what Mr. Pandey has stated. It is a matter for . . .

DR. RATNAKAR PANDEY: You are not loyal to the Government.

SHRI M. M. JACOB: Sir, another question that was asked was about the number of people on leave on that day from the bank. Sir, there are 16 employees in the bank. 12: of them were present. Four were absent- They were on leave. That is the information that I could get.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): They are asking about compensation.

SHRI M. M. JACOB: Sir, compensation is a major issue. Sir, the bank has immediately announced Rs. 1 lakh as compensation for the relatives of the victims. But Sir, we have to examine whether this is a gang which came out for dacoity or this is a terrorist outfit. I personally feel, Sir, the circumstances, the manner in which dacoity was done or undertaken or the robbery was done, it must have something to do with terrorists. Now, if the inquiry reveals that it is a terrorist attack, here we have got another system by which the Government also will pay Rs. 50,000 as compensation for the victims of terrorist attack or communal violence. This system is existing in this country now. Sir, Shri Ashis Sen and some of our colleagues were asking, why not you provide police security to each and every bank in this country because bank officers are working there and the staff is working there. Sir, at present, the system is that the banks are providing trained personnel, ex-military people, ex-servicemen for giving protection to their own banks. The Government has specially not undertaken the protection of banks in normal places where there is no extreme case of terrorist attack. But if there is an area which is proved to be vulnerable and which is actually very dangerous, we have to consider the possibility of providing police personnel to protect the banks, though, it involves very heavy expenditure for the Government. But in places like Delhi we never had this kind of problem. Sir, in the year 1990-91, we had two bank robberies here. One in Mukherjee Nagar, and ™ one in Canara Bank of Kingsway Camp. The culprits were found. 'There were arrested. Rs. 8 lakhs were stolen and they are also recovered. Regarding this robbery, I am sure the police will be able to trace out the culprits. When I look at the figures, I find that during the last few years, 17 bank robberies were reported. Out of the 17 bank robberies, 14 were detected and culprits were brought to book and the money was recovered. So, we cannot say that the entire police force is not active, or is inefficient. There are occasions when they are acting and they are really getting the results. But it is only two days now and certain things will have to be tied up to find out as to how deep the involvement of the terrorists in this robbery was. After all two lakhs of rupees taken from the bank is not a big amount for a gang. The amount is comparatively less than the usual robberies. There must have been some other motive. All those things have to be explored and found out. That is why we have entrusted the responsibility to the crime branch to see how best they come out soon with information that we require.

Shri Sukomal Sen has asked for information as to what we are going to do about the modern methods of security for the trains and whether our trains are going to be equipped with the sensitive gadgets. Well, Mr. Sen, I have also seen this in other countries functioning effectively. But there also these things are taking: place. Dacoities are there, robberies are there and murders are there. That

is not a foolproof system. We can consider these suggestions very well. Dr. Jinendra Kumar Jain was giving some suggestions about voluntary organisations taking over the proiection. Mr. Jain, I am afraid, it security organisations are given immediately the responsibility, I am not sure whether it is correct on the part of the Government to absolve itself of this aresponsioility and provide this responsibility to somebody else Government will have to take up the responsibility. However, financially weak the Government may be, it will have to take up the responsibility of ensuring protection to the citizen of the country. I have no doubt that if there is anything lacking in the police setup in Delhi, I am assure the House that the police set-up will be streamlined; it will be properly structured and modernised as far as possible...

DR. RATNAKAR PANDEY: Will you have a time-bound programme?

SHRI M. M. JACOB: I am happy that Dr. Ratnakar Pandey is giving the suggestion for a time-bound programme. I will have to look into it. I will have discussions with my senior Minister, with the Prime Minister, with the Finance Minister and see what kind of modern equipments we can have and what should be the method of operation to improve the police structure, how it can be reorganised, and how can these equipments be imported. It is very necessary.

About the import of medical equipments and electronic gadgets, 1 think there is a good case in what Dr. Jain has said Let us see how it can be done. It is a policy matter and I may not be able to spell out anything on these policy matters at this Doint of time because it is something substantial. We are awaiting the Budget. Perhaps, after looking at the Budget proposals, we may be able to look at these matters more clearly and effectively.

SHRI ASHIS SEN: The Minister has not said anything about giving employment to dependents of those Killed in the bank robbery.

SHRI M. M. JACOB: I have not completed yet. Sir, he raised the question cf giving employment. My information is that the banks do give employment to the nearest relative of the deceased officer. In many State Governments and also in the Government of India, we always take care and see that if a person dies in harness, the nearest relative is given employment if there is such a person who is qualified, competent and eligible. Immediate relative is the beneficiary if he is otherwise not having any source of income.

SHRI ASHIS SEN: Some customers are also involved in this incident. What about their families? Those customers are not bank employees. What about giving employment to their family members?

SHRI ffl. M. JACOB: I think we will have to take up with the bank. You are a powerful trade-union leader of the bank employees and I think you will also co-operate when we take it up with the bank to see that something is done.

Sir, by and large, I have covered all the major points that have been raised. I am thankful to my colleagues, Mr. Chaturanan Mishra, Dr. Sivaji, Shri Ashis Sen, Maulana Obaidullah Khan Azmi, Shri Mohd. Khaleelur Rahman, Dr. Ratnakar Pandey, Mr. Gautam, Mr. Suresh Pachouri, Satya Bahinji, Dr. Ratnakar Pandey, Veena Vermaji and other friends for their very valuable suggestions. I mentioned Dr. Pandey's name twice because he spoke thrice.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at fiftynive minutes past seven of the clock till eleven cf the clock on Thursday, 18th July, 1991.